श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 170, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार, 25 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## उत्तर प्रदेश दिवस पर सीएम योगी आदित्यनाथ की बड़ी घोषणा, अब प्रतियोगी छात्रों को निःशुल्क कोचिंग

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अभ्युदय कोचिंग में हर जिले के छात्र पढ़ेंगे। सरकार स्कूल-कॉलेज के इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करेगी। आइआइटी यूपीएससी कैट नीट सीडीएस एनडीए सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले विषय विशेषज्ञ नियुक्त किए जाएंगे।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** कोरोना काल में लगे लॉकडाउन के दौरान दूसरे राज्यों में फंसे प्रतियोगी छात्रों की पीड़ा-परेशानी को समझते हुए योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 71वें उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस उद्घाटन समारोह के मंच से घोषणा की कि प्रतियोगी छात्रों को अब कोचिंग के लिए दूसरे राज्यों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रदेश सरकार बसंत पंचमी से हर मंडल मुख्यालय पर अभ्युदय नाम से निश्शुल्क कोचिंग शुरू करने जा रही है।

राजधानी लखनऊ स्थित अवध शिल्पग्राम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अभ्युदय कोचिंग में हर जिले के छात्र पढ़ेंगे। सरकार स्कूल-कॉलेज के इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करेगी। आइआइटी, यूपीएससी, कैट, नीट, सीडीएस, एनडीए सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले विषय विशेषज्ञ नियुक्त किए जाएंगे। आइएएस-आइपीएस अधिकारी भी अपने अनुभव से छात्रों को मार्गदर्शन देंगे। यहां वर्चुअल और फिजिकल पढ़ाई कराई जाएगी।

**उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान शुरू करने की घोषणा :** इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान शुरू करने की भी घोषणा की है। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों और प्रतिभाओं को सम्मानित करने के साथ ही बोले कि अलग-अलग क्षेत्रों में प्रदेश का नाम रोशन करने वालों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान भी दिया जाएगा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति नाम चयन करेगी। जल्द ही इस पुरस्कार की शुरूआत राज्यपाल के हाथों से कराई जाएगी।

**आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराई :** सीएम योगी ने सरकार द्वारा अब तक उपलब्ध कराए गए रोजगार-स्वरोजगार का जिक्र करते हुए कहा कि कोरोना काल में चालीस लाख प्रवासी श्रमिक-कामगार प्रदेश में लौटे, जिनके खाने-रहने का प्रबंध सरकार ने किया। अब सरकार ऐसी व्यवस्था करने जा रही है कि पोर्टल पर पंजीयन कराने वाले यूपी के कामगार-श्रमिक दुनिया में कहीं भी रहते हों, महामारी आने पर उन्हें आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी।

**ओडीओपी सहित कई योजनाओं की चचा :** उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने तमाम योजनाओं पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) सहित कई योजनाओं की चर्चा करते हुए एमएसएमई एवं खादी ग्रामोद्योग मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने भरोसा जताया कि ओडीओपी मॉडल पर एक दिन ऑक्सफॉर्ड जैसा विश्वविद्यालय भी शोध करेगा। आभार पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी ने जताया।

**मंच पर ये रहे उपस्थित :** मंच पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, पशुपालन मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी, समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री, नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, उद्यान मंत्री श्रीराम चौहान, जलशक्ति मंत्री डॉ. महेंद्र सिंह, युवा कल्याण एवं खेल मंत्री उपेंद्र तिवारी, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्वाति सिंह, कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, सांसद कौशल किशोर, महापौर संयुक्ता भाटिया और मुख्य सचिव आरके तिवारी भी थे।

**बदलाव के नए मोड़ पर है यूपी :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश बदलाव के नए मोड़ पर है। अब इसे दंगों और अपराध के लिए नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था के लिए जाना जाता है।

## किसानों के मुद्दे पर संसद में हंगामा करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** कांग्रेस में लोकसभा के मुख्य सचेतक कोडिकुन्निल सुरेश ने कहा कि सरकार ने अगर संसद के आगामी बजट सत्र में तीनों नए कृषि कानूनों को रद करने की किसानों की मांग नहीं मानी तो उनकी पार्टी इस मुद्दे पर दोनो सदनों में हंगामा करेगी।


ध्यान रहे कि दो खंडों में आयोजित होने वाला बजट सत्र 29 जनवरी से शुरू होगा। सत्र का पहला हिस्सा 15 फरवरी को खत्म होगा जबकि दूसरा हिस्सा आठ मार्च से आठ अप्रैल तक चलेगा।

सुरेश ने कहा कि किसानों का आंदोलन और रिपब्लिक भारत के प्रधान संपादक अर्णब गोस्वामी की विवादित वाट्सएप चैट के मुद्दों को कांग्रेस जोर-शोर से उठाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी मुख्य वरीयता किसान आंदोलन है। हमने लोकसभा और राज्यसभा में इस मुद्दे को जोरशोर से उठाने की योजना बनाई है। हम इन मुद्दों पर चर्चा और स्थगन प्रस्ताव पर बहस के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। हम आगामी सत्र में समान विचारधारा वाले दलों के भी संपर्क में रहेंगे। ताकि किसान आंदोलन को लेकर एक संयुक्त रणनीति बनाई जा सके।

पार्टी के मुख्य सचेतक व केरल से सांसद सुरेश ने कहा कि साठ दिनों से दिल्ली के बार्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की स्थिति को वह खूब अच्छी तरह से समझते हैं। इनमें से करीब 145 किसानों ने अपनी जान गंवा दी है। इसलिए इस मुद्दे को संसद के अंदर मजबूती से उठाए जाने की जरूरत है। अगर किसान सड़कों पर बने रहे तो इसके असर संसद में दिखेगा क्योंकि किसान देश की रीढ़ हैं।

## गोलीबारी में शहीद हुआ सहारनपुर का लाल निशांत

**जम्मू कश्मीर में एलओसी पर तैनात शहर का जवान निशांत शर्मा सीमा पार से हुई गोलीबारी में शहीद हो गए। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों को 50 लाख व एक सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है।**



**सहारनपुर, जेएनएन।** जजम्मू कश्मीर में एलओसी पर तैनात शहर का जवान निशांत शर्मा सीमा पार से हुई गोलीबारी में शहीद हो गए। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मुख?यमंत्री योगी आदित?यनाथ ने परिजनों को 50 लाख व एक सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। जवान के देश की सीमा पर शहीद होने की सूचना जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी कर्नल मोहर सिंह ने जिलाधिकारी व एसएसपी को दी। शहीद का पार्थिव देह देर शाम तक घर पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। शहर के मोहल्ला न्यू शारदानगर गली नंबर-41 में रहने वाले 61 राष्ट्रीय राइफल में भर्ती नायक निशांत शर्मा इन दिनों जम्मू कश्मीर में तैनात थे। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी कर्नल मोहर सिंह ने बताया कि क्रास फायरिंग में नायक निशांत शर्मा 24 जनवरी को शहीद हो गए। उन्होंने बताया कि शहीद के एक और भाई शुभम शर्मा सेना में नायक के पद पर तैनात हैं। शहीद के परिजनों ने बताया कि तीन-चार दिन पहले आतंकियों द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान ग्रेनाइट हमले में घायल हो गए थे, उसके बाद से उधमपुर स्थित अस्पताल में भर्ती थे। जम्मू में कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए सहरनपुर निवासी सेना के जवान निशांत शर्मा के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। योगी ने शहीद के स्वजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और जिले की एक सड़क का नामकरण शहीद के नाम पर करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार परिवार के साथ है। हर संभव मदद दी जाएगी।

## गाजीपुर बार्डर की ओर मेरठ के गांव-गांव से रवाना हो रहे किसान

**रविवार को करीब 80 ट्रैक्टर-ट्राली लेकर किसान अलग-अलग रास्तों से गाजीपुर बार्डर के लिए रवाना हुए हैं। इसमें गंगनहर पटरी व परतापुर तिराहे से स्थानीय ब्लाक के किसान शामिल हैं। वहीं किसानों ने ट्रैक्टर व तिरंगे के साथ लोगो अपने वाट्स एप पर लगाया है।**







**मेरठ, जेएनएन।** गणतंत्र दिवस में शामिल होने के लिए रविवार को जिले के कई ब्लाकों से भारतीय किसान यूनियन के ट्रैक्टर ट्राली रवाना हुए। आज सोमवार को भी बड़ी संख्या में परतापुर तिराहे से एकत्र होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली रवाना होंगे। वहीं, पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भाकियू व अन्य किसान संगठन पदाधिकारियों को दिल्ली न जाने के लिए फोन करके निवेदन कर रहे हैं।

भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी ईकडी ने बताया कि रविवार को जिले के कई गांवों में जनसंपर्क करते हुए 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने के लिए आहवान किया गया है। कृषि कानून के विरोध में भाकियू ने किसानों को लेकर गणतंत्र दिवस की परेड में ट्रैक्टर रैली निकालने का दावा किया है। इस क्रम में जिले के कई गांवों में बैठक भी आयोजित हुई। वहीं, उन्होंने दावा किया कि रविवार को करीब 80 ट्रैक्टर-ट्राली लेकर किसान अलग-अलग रास्तों से गाजीपुर बार्डर के लिए रवाना हुए हैं। इसमें गंगनहर पटरी व परतापुर तिराहे से स्थानीय ब्लाक के किसान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ढडरा, रजापुर, करनावल, जंगेठी, रामपुर, बहसूमा व घसौली आदि गांवों से राजकुमार करनावल, सतीश, विनोद, बिट्टू व सत्यवीर के नेतृत्व में किसान गाजीपुर बार्डर के लिए रवाना हुए हैं।

भाकियू जिलाध्यक्ष मनोज त्यागी ईकडी ने बताया कि गाजीपुर बार्डर पर कूच न करने के लिए उनके पास एसडीएम व एडीएम ने कई बार फोन करके आग्रह किया। उन्होंने जवाब में कहा कि किसान अपनी बात रखने के लिए दिल्ली जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने के लिए वाट्स एप, फेसबुक और टविटर पर जोरों-शोरों से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। किसानों ने ट्रैक्टर व तिरंगे के साथ लोगो अपने वाट्स एप पर लगाया है। सोशल मीडिया पर भी यह लोगो तेजी से वायरल होता जा रहा है। यूजर तेजी से इसे शेयर कर रहे हैं। साथ ही कई यूजरों ने तो अपनी प्रोफाइल पिक्चर हटाकर लोगो लगा लिया है।

## वाराणसी में 26 जनवरी को घर, खलिहान व खेत से नहीं निकल सकेंगे ट्रैक्टर, डीजल न देने का निर्देश



**वाराणसी, जेएनएन।** किसान आंदोलन को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। 26 जनवरी को घर, खलिहान व खेत से बाहर ट्रैक्टर नहीं निकल पाएंगे। गणतंत्र दिवस पर किसानों के ट्रैक्टर मार्च को लेकर सपा समेत विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों की तैयारी को देखते हुए जिला और पुलिस प्रशासन ने फुलप्रूफ रणनीति बना ली है। इसके लिए थानावार आदेश जारी किया गया है। यदि सड़क पर ट्रैक्टर दिखाई देंगे तो सीज की कार्रवाई होगी।

किसान आंदोलन को कुंद करने के लिए रविवार को प्रशासनिक व पुलिस अफसरों की एक बैठक हुई। इसमें आरटीओ से पंजीकृत ट्रैक्टरों की सूची मांगी गई। कुल नौ हजार सात सौ ट्रैक्टर पंजीकृत हैं। इसके मालिकों को चेतावनी दी गई है कि वे किसी भी सूरत में 26 जनवरी को सड़क पर ट्रैक्टर लेकर नहीं जाएंगे। खुफिया इकाई को सक्रिय किया है। किसानों ने दिल्ली में ट्रैक्टर मार्च का एलान किया है। इसे विपक्ष की ओर से विकेंद्रित करने की रणनीति बनाई गई है।

सपा ने जिले में मार्च निकालने का एलान भी कर दिया है। इसको लेकर सपा के अर्दली बाजार कार्यालय में बैठक भी हुई। वहीं, अंदरखाने कांग्रेस की ओर से भी इसकी तैयारी हो रही है।

पुलिस प्रशासन ने इन दलों के नेताओं के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगा दिया तो उन्होंने भी पैंतरा बदला है। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए वाट्सएप से बात कर रहे हैं। सरदार सेना के आंदोलन को लेकर भी खुफिया नजरें गड़ी हैं। किसान आंदोलन को लेकर रोहनिया विधानसभा क्षेत्र को सर्वाधिक संवेदनशील माना जा रहा है। इस क्षेत्र में पहले से ही कई मसलों पर किसान आंदोलित रहे हैं। ट्रांसपोर्ट नगर योजना इसमें प्रमुख है। कांग्रेस व सपा की ओर से भी क्षेत्र में पूर्व में किसानों को लेकर कार्यक्रम हो चुके हैं।

धारा 144 लागू है। आंदोलन के रूप में लोग सड़कों पर आएंगे तो कार्रवाई होगी। ट्रैक्टर कृषि के लिए होता है उसी के लिए उपयोग कर सकेंगे। मार्च निकालेंगे तो सख्ती की जाएगी।

**- अमित पाठक, एसएसपी**

## गणतंत्र दिवस परेड खत्म होने के बाद ही निकल सकेंगे किसान



**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली।** कृषि सुधार कानूनों का विरोध कर रहे किसानों को लंबी जिद्दोजहद के बाद आखिर पुलिस ने कुछ शर्तों के साथ राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर परेड निकालने की इजाजत दे दी। 26 जनवरी को राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड खत्म होने के बाद किसान दिल्ली के तय रूटों पर ही ट्रैक्टर परेड निकाल सकेंगे। सिर्फ सिंघु, टीकरी व गाजीपुर बार्डर पर परेड निकालने की इजाजत दी गई है।

परेड में हिंसा फैलाने की पाकिस्तान की साजिश भी सामने आई है। इसके लिए पड़ोसी देश इंटरनेट मीडिया का सहारा ले रहा है। उसने 308 ट्विटर अकाउंट बनाए हैं, जिसकी जानकारी इंटेलिजेंस को मिल गई है। लिहाजा सुरक्षा के बेहद कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं।

विशेष आयुक्त इंटेलिजेंस दीपेंद्र पाठक ने रविवार शाम पुलिस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि सिंघु बार्डर पर 62 किलोमीटर, गाजीपुर बार्डर पर 46 किलोमीटर व टीकरी बार्डर पर 63 किलोमीटर के दायरे में परेड निकालने की इजाजत दी गई है। तीनों बार्डरों से परेड का 100 किलोमीटर से ज्यादा का रूट दिल्ली में होगा। उक्त इलाके दिल्ली की सीमा से सटे हैं। दीपेंद्र पाठक ने कहा कि परेड के रूटों को लेकर पांच-छह बार किसान संगठनों के साथ बैठक हुई। उसके बाद तीन रूटों पर परेड की इजाजत दी गई। परेड के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती रहेगी, ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। पुलिस ने किसान नेताओं से लिखित में आश्वासन ले लिया है कि वे शर्तो का उल्लंघन नहीं करेंगे और अनुशासित तरीके से तय रूटों पर ट्रैक्टर परेड निकालेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर परेड में शामिल होने वाले प्रत्येक ट्रैक्टर मालिकों और ट्रैक्टर की जानकारी पुलिस अपने पास रखेगी। पाठक ने कहा कि हम चाहते हैं कि परेड के दौरान किसानों के वालंटियर भी रहें क्योंकि यह बड़ा आयोजन होगा। परेड में गड़बड़ी फैलाने की पाकिस्तान की साजिश के मद्देनजर पुलिस आयुक्त एसएन श्रीवास्तव ने पूरी दिल्ली में हाई अलर्ट कर दिया है। किसान नेताओं ने परेड में एक लाख से अधिक ट्रैक्टर शामिल होने का दावा किया है। अधिकतर रूटों पर दिल्ली पुलिस सीसीटीवी कैमरे लगाने की कोशिश करेगी। पुलिस के सामने गणतंत्र दिवस समारोह के दिन ट्रैक्टर परेड शांतिपूर्वक संपन्न कराने की भी चुनौती होगी। इसके लिए सभी सीमाओं पर अभी से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

परेड में शामिल होने के लिए कई राज्यों से ट्रैक्टर लेकर किसानों का दिल्ली की सीमाओं पर पहुंचने का सिलसिला जारी है। पुलिस के मुताबिक, टीकरी बार्डर पर अभी तक करीब आठ हजार, चसघु पर पांच हजार और गाजीपुर बार्डर पर एक हजार ट्रैक्टर पहुंच चुके हैं।

पुलिस का दावा है कि पाकिस्तानी द्वारा ट्विटर अकाउंट 13 से 18 जनवरी के बीच बनाए गए हैं। इस नापाक इरादे की जानकारी मिलते ही तमाम सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। सुरक्षा के बेहद कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं।

## महाराष्ट्र में भी कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन नासिक से मुंबई मार्च निकाल रहे किसान

**किसानों ने महाराष्ट्र के नासिक से मुंबई की ओर मार्च शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले यह प्रदर्शन हो रहा है। इनकी योजना मुंबई में इकट्ठा होने की है और फिर ये दिल्ली की ओर मार्च करेंगे।**



**नासिक, एएनआइ।** केंद्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का प्रदर्शन जारी है। गणतंत्र दिवस पर किसान ट्रैक्टर परेड निकालने वाले हैं। इस बीच इनके समर्थन में रविवार को किसानों ने महाराष्ट्र के नासिक से मुंबई की ओर मार्च शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले यह प्रदर्शन हो रहा है। इनकी योजना मुंबई में इकट्ठा होने की है और फिर ये दिल्ली की ओर मार्च करेंगे। लगभग 15 हजार किसानों ने शनिवार को नासिक से मुंबई तक अपना राज्यव्यापी वाहन मार्च शुरू किया। सैकड़ों टेम्पू और अन्य वाहनों के साथ गोल्फ क्लब मैदान से इस मार्च की शुरूआत हुई। रात में यह इगतपुरी के पास घाटांडेवी में रुका। आज सुबह किसानों ने कसारा घाट की ओर मार्च शुरू किया, ताकि वे मुंबई पहुंच सकें। एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लाए गए तीन काले कानून किसान विरोधी हैं। हमारी आवाज महाराष्ट्र से मुंबई तक पहुंचनी चाहिए। हम मुंबई तक मार्च करेंगे और फिर 26 जनवरी को दिल्ली पहुंचेंगे। ठाणे, नासिक, पालघर और अहमदनगर जैसे कम से कम 23 जिलों के किसान हमारे मार्च में शामिल हुए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 'किसान गणतंत्र परेड' में हिस्सा लेने के लिए देशभर के किसान दिल्ली की ओर मार्च कर रहे हैं। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान से ट्रैक्टर टिकरी बॉर्डर पर पहुंच गए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) ने किसानों को 23 से 26 जनवरी तक आंदोलन में भाग लेने के लिए कहा है। इसमें राज्यों के राज्यपालों क खिलाफ रैलियां भी शामिल हैं। किसान 26 नवंबर से दिल्ली की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसान तीनों नए कृषि कानूनों की वापसी की मांग पर अड़े हैं। वहीं केंद्र सरकार बातचीत के माध्यम से गतिरोध के सुलझाना चाहती है। दोनों पक्षों के बीच कई दौर की वार्ता भी हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई नतीजा नहीं निकल सका है। सुप्रीम कोर्ट ने नए कानूनों के लागू होने पर फिलहाल रोक लगा दी है। साथ एक कमिटी का भी गठन किया है।

## यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में अतिरिक्त मौका देना पर सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** कोरोना महामारी के कारण परीक्षा देने के आखिरी मौके से वंचित रह गए संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) के कुछ अभ्यर्थियों को सिविल सेवा परीक्षा में बैठने का अतिरिक्त मौका देने के मसले पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। शुक्रवार को पिछली सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा था कि वह इन अभ्यर्थियों को अतिरिक्त मौका देने के पक्ष में नहीं है। इस पर कोर्ट ने केंद्र सरकार से हलफनामा दाखिल करने को कहा था।

जस्टिस एएम खानविल्कर की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है। शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर मांग की गई है कि जो अभ्यर्थी कोरोना महामारी के चलते यूपीएससी प्रिलिम्स की परीक्षा नहीं दे पाए हैं और जिनका परीक्षा में बैठने का आखिरी मौका खत्म हो चुका है उन्हें एक और मौका दिया जाए। पिछली सुनवाई पर अदालत ने केंद्र सरकार को इस मामले में हलफनामा दायर करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट के दो जजों ने देश में कानून की पढ़ाई में तत्काल सुधार किए जाने की जरूरत बताई है। इन दोनों जजों के अनुसार लॉ कालेजों की भरमार के कारण कानून की गुणवत्ता में काफी कमी आई है। जस्टिस एस के कौल ने कहा ने कहा कि हम अपनी जरूरतों पर गौर किए बिना हर साल ढेरों वकील तैयार कर रहे हैं। देश में अंधाधुंध लॉ कालेज खुलने से कानून की पढ़ाई का स्तर गिरा है। वक्त का तकाजा है कि कानून की पढ़ाई में सुधार लाया जाए। इसी तरह के विचार वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने भी व्यक्त किए। जस्टिस एन वी रमन्ना ने जस्टिस कौल और वकील सिंघवी के विचारों से सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि कानूनी पढ़ाई की दशा सुधारने पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। मैं समझता हूं कि इस बारे में कुछ किया जा सकता है। आने वाले दिनों में हम इस मुद्दे को उठाएंगे। इन दोनों जजों ने अपने विचार अभिषेक मनु सिंघवी और प्रोफेसर खगेश गौतम की लिखी पुस्तक 'द लॉ आफ इमजेर्सी पावर्स' के विमोचन अवसर पर आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में व्यक्त किए। प्रो.गौतम जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल में कानून पढ़ाते हैं।

प्रयागराज सोमवार, 25 जनवरी, 2021

## संक्षेप समाचार

### वरिष्ठ पत्रकार को पितृ शोक

**नैनी।** एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार सूर्य प्रकाश त्रिपाठी के पिता त्रिवेणी प्रसाद त्रिपाठी निवासी खरकौनी नैनी का रविवार शाम स्वरूप रानी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। सोमवार को दारागंज घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्थानीय पत्रकारों ने पत्रकार के पिता की असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किए और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजन को इस असहनीय दुःख को सहन करने की क्षमता प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। शोक श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पत्रकार राजीव वर्मा, राजेश सरकार, शिवमूरत केसरवानी, सुनील गिरि, राजीव जायसवाल, गौरव केसरवानी, सुनील केशरवानी, अखिलेश शुक्ल, राहुल जायसवाल सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

# फुटपाथियों पर प्रशासन का चला बुलडोजर, दिनभर रहा हड़कंप

## लालगोपालगंज के जेठवारा रोड से 80 फुट के दायरे में फुटपाथियों को कह दिया गया अलविदा

**नगर प्रशासन पर पक्षपात का व्यापारियों ने लगाया आरोप, दायरे में आने वाले कुछ पुख्ता मकानों को छोड़ने से नगर पंचायत की रही किरकिरी**



हटाए गए अवैध अतिक्रमण का फैला मलबा



लालगोपालगंज में अवैध अतिक्रमण हटाता जेसीबी



अवैध अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान अपनी गुमटी को स्वयं हटाता व्यापारी

**लालगोपालगंज।** मुख्य बाजार में जेठवारा रोड के किनारे किए गए नाजायज कब्जा पर प्रशासन का बुलडोजर चलने से पूरे दिन लोगों में हड़कंप मचा रहा। एक तरफ हटाए जा रहे अवैध अतिक्रमण को देख सड़क के दूसरी तरफ अतिक्रमणकारियों ने स्वयं अपने कब्जे को आनन फानन हटाना शुरू कर दिया। इस दौरान किसी प्रकार की समस्या न पैदा होने के लिए सोरांव सर्किल की फोर्स तैनात रही। नगर पंचायत पर स्थानीय लोगों ने पक्षपात का आरोप लगाया है।

लालगोपालगंज कस्बा के जेठवारा रोड स्थित मुख्य बाजार में सड़क के दोनों जानिब किए गए नाजायज कब्जा पर रविवार को प्रशासन का बुलडोजर चलाया गया। नगर पंचायत कार्यालय द्वारा 80 फुट के दायरे में किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाया जाने के लिए तीन बार मुनादी कराई थी।पर अमल करते हुए कुछ व्यापारियों ने स्वयं अपने दुकान के सामने डाले गए टीन शेड को हटा लिया। परंतु 90% व्यापारियों ने अवैध अतिक्रमण हटाया जाने को हवा हवाई मान रहे थे। रविवार को सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित तिराहे से जेठवारा मार्ग्य पर पश्चिमी छोर से अवैध अतिक्रमण हटाया जाने की सूचना मिलते ही पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने अपना कारोबार छोड़कर पूरे दिन खुद से अतिक्रमण हटाने में जुट गए। कुछ बड़े व्यापारियों के पुख्ता मकान और शिर्डी 80 फीट के दायरे में आने के बाद भी उन्हें छोड़ दिया गया। यही नहीं इंडियन बैंक की शाखा ने 80 फुट के दायरे में दो जनरेटर लगा रखा है। इसको भी नगर प्रशासन ने अगले दिन सूचना देकर हटवा लेने की बात कहते हुए नजरअंदाज कर दिया। नहीं इसी प्रकार के दर्जनों मामले प्रकाश में आए हैं। किसी गरीब का आशियाना तो अवैध अतिक्रमण माना गया परंतु कुछ रसूख वालों के पुख्ता मकान को नाजायज कब्जा शायद नहीं माना गया। पुलिस की मौजूदगी में इस तरह के पक्षपात पर नगर प्रशासन की दिनभर किरकिरी होती रही। किसी प्रकार की समस्या या घटना का सामना न करने के लिए नवाबगंज इंस्पेक्टर सुरेश सिंह स्थानीय चौकी प्रभारी धीरेंद्र सिंह श्रृंगवेरपुर चौकी प्रभारी मुकेश सिंह एसआई भूपेंद्र यादव भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# तेल व्यवसाई की सड़क हादसे में मौत



तेल व्यवसाई की मौत के बाद गमजदा परिजन



मृतक विनोद कुमार गुप्ता (फाइल फोटो)

**सहसों।** सहसों बाजार निवासी तेल व्यवसाई थरवई बहन के घर से वापस लौटते समय शनिवार की देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थरवई पुलिस ने तत्काल सरकारी एंबुलेंस से इलाज के लिए एसआरएन प्रयागराज ले गई । जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार सहसों बाजार निवासी विनोद कुमार गुप्ता 45 वर्ष पुत्र मानिकचंद गुप्त पांच भाइयों में पहले नंबर के थे। शनिवार की शाम थरवई अपनी बहन के यहां गए हुए थे। वहां से देर रात वापस लौटते समय थरवई पुलिया के पास अज्ञात तीन पहिया वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल विनोद कुमार को आसपास के लोगों ने देखा तो इसकी सूचना थरवई पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेब में मिले आधार कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर घरवालों को सूचना देते हुए घायल विनोद कुमार गुप्ता को सरकारी एंबुलेंस से तत्काल एसआरएन प्रयागराज ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। विनोद कुमार गुप्ता पांच भाइयों में पहले नंबर के थे। जो तेल का व्यवसाय व तेल पेराई की मशीन चला कर परिवार का भरण पोषण करते थे। मृतक के भाई अनिल कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। विनोद कुमार की पत्नी ममता गुप्ता पुत्री निकिता साहू, निवेदिता साहू तथा पुत्र आशुतोष साहू का रो-रो कर हाल बेहाल है। वहीं पिता मानिक चंद गुप्ता पुत्र के वियोग में रो-रो कर बेहोश हो जा रहे हैं।

# खेल कूद के आयोजन से बढ़ता है आपसी सौहार्द : नसीरूद्दीन राइन



क्रिकेट प्रतियोगिता का फीता काट कर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि नसीरुद्दीन राईन

**फूलपुर।** सोरांव विधानसभा क्षेत्र के मुबारकपुर नेवादा ग्राम सभा में रविवार को एनसीसी हंड्रम क्रिकेट क्लब का आयोजन हुआ जिसमें समाजवादी लोहिया वाहिनी के निवर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नसीरुद्दीन राईन ने फीता काटकर क्रिकेट का उद्घाटन किया। उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरीके के आयोजनों से जहां सामाजिक सौहार्द व आपसी भाई चारा बढ़ता है वहीं व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक मजबूती भी मिलती है। उन्होंने उपस्थित दर्शकों व खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए सभी को बधाई दी। वहीं बसगित व कपसा के बीच हुए उद्घघाटन मैच में बसगित की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करते हुए बसगित ने 6 ओवर में 83 रन बनाया वहीं कपसा की टीम मात्र 6 ओवर में 54 रन पर ही सिमट गई। मौके पर युवा नेता मुराद मंसूरी, बबलू नेता, मोहम्मद इरफान, सुनील यादव, आदर्श यादव, रहमान कुरेशी, सुनील पाल, अंकित यादव के साथ ही कार्यक्रम के आयोजक मोहम्मद इश्तियाक, मोहम्मद आसिफ, रियाज, अनुज श्रीवास्तव, मोहम्मद शमशाद, अब्दुल रहमान, मोहम्मद मुंतजीर, मुस्ताक अहमद, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद मासूम, सैफी, शैलेंद्र, जितेंद्र, सोनू, फैजान, साहिब आलम, मोहम्मद सद्दाम, सतीश, मोहम्मद अज्जू, दीपक, यूनुस सहित अन्य दर्शक व खिलाड़ी मौजूद रहे।

# आभूषण की दुकान में नकब कर दस लाख से अधिक कीमत के आभूषण चोरी





चोरी के बाद दुकान पर जुटी भीड़ व दुकान में की गई नकब का दृश्य

**घूरपुर।** स्थानीय बाजार के घूरपुर थाने से महज चंद कदम की दूरी पर स्थित एक सर्राफ की दुकान में नकब लगा चोरों ने लाखों के सोने चांदी के जेवर पार कर दिया । रविवार की सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने के लिए पहंचा तो नजारा देख उसके होश उड़ गए । सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की । घूरपुर कस्बा के सेमरकलबना गांव निवासी राजकुमार केसरवानी की घूरपुर बाजार स्थित रीवा प्रयागराज हाइवे पर सर्राफ की दुकान है ।शनिवार की रात रोज की तरह राजकुमार दुकान में ताला लगा कर घर चले गए । इधर देर रात चोरों ने दुकान के पीछे से नकब लगाकर दुकान के अंदर घुस दस लाख रुपये से ज्यादा कीमत के सोने चांदी के जेवर पार कर दिया ।रविवार की सुबह जब राजकुमार दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो घटना देख उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई । सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# भोगन के कोटेदार की मनमानी से कार्ड धारक त्रस्त

**घटतोली तथा रेट से ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायत**

**कोरांव।** कोरांव तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भोगन के कोटेदार के मनमानी एवं तानाशाही रवैया से कार्ड धारक त्रस्त हो गए हैं।

आरोप है कि कार्ड धारकों से कोटेदार द्वारा घटतौली एवं रेट से ज्यादा रुपया लिया जा रहा है ।इतना ही नहीं अगर कोई कार्ड धारक कोटेदार के यहां जाता है तो दुकान बंद रहती है । कभी कबार जब मिलते हैं तो कहते हैं कोटेदार कि मेरे पास समय नहीं है । खेत में खाद की छिड़काव करना है तथा पानी लगाना है, समय मिलने परही खाद्यान्न दूंगा। इस तरह के कोटेदार के रवैया सेकार्ड धारक परेशान हो गए हैं। कई कार्ड धारकों को खाद्यान्न भी नहीं दिया है ऐसी शिकायत है। महीने में मात्र 5 दिन दुकान खोलता है मलीपुर गांव की सरिता देवी पत्नी अरुण कुमार सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि कोटेदार द्वारा अंगूठा लगवा लिया है और 2 माह का खाद्यान्न नहीं दिया है । अंगूठा लगाने के बाद कहता है कि कल आना खाद्यान्न मिलेगा । बार-बार दौड़ाता है फिरभी नहीं देता । आरोप यह भी है कि चार यूनिट के कार्ड धारक को 20 किलो खाद्यान्न के बजाय 17 किलो ही देता है । विरोध करने पर राशन कार्ड से नाम कटवाने की धमकी देता है तथा कहता है कि जहां शिकायत करना हो कर दो कोई फर्क नहीं पड़ेगा, हर महीने तहसील के अधिकारियों को सुविधा शुल्क देता हूं। इसी तरह से कई कार्ड धारक मलीपुर गांव के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि ऐसे भ्रष्ट कोटेदार ग्राम पंचायत भोगनके खिलाफ कार्रवाई किया जाए।

# भुक्तभोगी की नहीं सुनी गई, दबंग दे रहे हैं जान से मारने की धमकी

**खीरी।** खीरी थाना अंतर्गत इटावा कला गांव निवासी दुखीराम कोल पुत्र सुक्खू को गांव के कुछ दबंग व्यक्ति ने गुरूवार को घर पर चढ़कर गाली गुप्ता देते हुए लाठी-डंडों के साथ जमकर पिटाई की जिससे दुखीराम कोलके बाएं हाथ मैं काफी चोट आई है और अन्य जगहों पर काफी चोटें आई हुई हैं जिसकी लिखित तहरीर भुक्तभोगी ने गांव के ही तीन लोगों के नाम से दी है धर्मेंद्र पांडे उर्फ दरोगा राजेंद्र पांडे जितेंद्र पांडे तीनों भाइयों ने मिलकर जमकर पिटाई की आरोप है कि खीरी पुलिस अभी चोटिल हुए भुक्तभोगी को मेडिकल हेतु नहीं भेजा है जिससे उसकी इलाज कहीं नहीं हो पा रहा है डरा सहमा परिवार न्याय की गुहार लगाई है पहले से भी इन पर अपराधिक मामले हैं। मामले खीरी पुलिस का कहना है कि जांच कर किया जा रहा है।

# नेता जी सुभाष चन्द्र बोस को याद किया गया



नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए

**सहसों।** नेता जी सुभाष चन्द्र बोष को उनकी 125 वीं जयंती पर एक गोष्ठी द्वारा नमन करते हुए याद किया गया । गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए समाज सेवी पद्मधर दुबे ने नेता जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा नेता जी का जन्म आज ही के दिन कटक ओड़िसा में हुआ। नेता जी सुभाष चन्द्र देश के ऐसे महान नायकों में से एक हैं। जिन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए अपना सर्वस्व निछावर कर दिया द्य उनका जीवन भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास कि प्रस्तावना और उपसंहार दोनों ही है द्य नेता जी की 125वीं जयंती पर मैं उन्हें शत द शत नमन करता हूँ। ईसी क्रम में युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाईटी सहसों के अध्यक्ष ने नेता जी को याद करते हुए कहा कि नेता जी महान स्वतंत्रता सेनानी और भारत माता कि सच्चे सपूत कृतग्य राष्ट्र देश की आजादी के लिए उनके त्याग और समर्पण को सदा याद रखेगा। इस अवसर पर आलोक धर दुबे, नितिन तिवारी, निर्दोष गुप्ता, शेरू केसरवानी, शीलवंत सिंह, डा0 अमित, फुल चन्द्र साहू, आलोक सिंह, संतोष केसरवानी, चिंतामणि शुक्ल, अनुराग दुबे आदि मौजूद रहे।

# 10 एमएलसी चुने जाने पर हर्ष एवं बधाई

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी सहसों मंडल कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष सहसों अनिल सरोज की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ए डॉ दिनेश शर्मा एलक्ष्मण आचार्य एसुरेंद्र चौधरी एसमेत 10 विधान परिषद सदस्य प्रत्याशियों का निर्विरोध चुने जाने पर कार्यकताओं में हर्ष रहा एवं बधाई भी दी गई। बैठक में उपस्थित भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि पार्टी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में और मजबूत हो रही है। बैठक में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री पवन शुक्ला, मीडिया प्रभारी बृजेश कुमार तिवारी, जितेंद्र सिंह पटेल, लाल चंद गुप्ता, उदय राज प्रजापति, दयाशंकर सिंह, गगन शुक्ला, आलोक कुमार आदि रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में 250 लोगों का नि:शुल्क परीक्षण



रामपुर में चिकित्सा शिविर में मरीजों की जाँच करते डॉ व शिविर में जुटी भीड़

**करछना।** रामपुर ग्राम सभा में जीवनदीप हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर गुलाम मुस्तफा लाल मियां व डॉक्टर हूर फातिमा के सौजन्य से निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का निशुल्क आयोजन व दवा वितरण किया गया जिसमें डॉ आनंद कुमार यादव (हड्डी रोग) विशेषज्ञ और डॉक्टर मनीषा ठाकुर (गायनेकोलॉजिस्ट) व अर्जुन सिंह फिजीशियन और डॉक्टर फिरोज (नेत्र रोग विशेषज्ञ) के द्वारा करीब 250 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षा एवं दवा दिया गया जिसमें करीब 100 लोगों का नेत्र परीक्षण कर मुफ्त में दवा दी गई जिसमें क्षेत्र के भारी संख्या में लोग शिविर का लाभ उठाया शिविर के प्रबंधक डॉक्टर गुलाम मुस्तफा ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है स्वास्थ्य शिविर के जरिए से लोगों की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम लगातार होते रहेंगे जितना हम से हो सकेगा उतनी मदद क्षेत्रवासियों की करते रहेंगे वहीं पर डॉक्टर हूर फातमा समाजसेवी ने कहा देश में कोरोना की महामारी के चलते सभी को सावधान रहने की जरूरत है उससे बचने की जरूरत है उन्होंने इसकी कई उपाय बताए जैसे बार-बार हाथ धोना सैनिटाइजर का उपयोग करना दूरी बना कर रखना आज इस कार्यक्रम के सहयोगी डॉक्टर अफजल, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद खुर्शीद, मोहम्मद अजमल एडवोकेट, मोहम्मद लल्लन, मोहम्मद मुजफ्फर, शहजाद उल हक आदि लोग शामिल हुए।

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### माघ मेला क्षेत्र में कल्पवासियों के सुगम आगमन के लिये प्रस्तावित यातायात प्रबंध

**प्रयागराज।** माघ मेला 2021 के दौरान माघ मास, जो पौष पूर्णिमा (दिनांक 28 जनवरी 2021) से प्रारंभ हो रहा है, में आगमन करने वाले बड़ी संख्या में कल्पवासियों के सुगम आगमन हेतु मार्गो का निर्धारण किया गया है, जिसके अनुसार कानपुर, लखनऊ, रीवा की तरफ से आने वाले समस्त कल्पवासी अपने हल्के वाहनों के साथ, पान्टून पुल नंबर 5 व पान्टून पुल नंबर 3 से संबंधित कल्पवास क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे। इसी प्रकार वाराणसी, जौनपुर क्षेत्र की तरफ से आने वाले समस्त कल्पवासी अपने हल्के वाहनों के साथ, टीकरमाफी-त्रिवेणी मार्ग से संगम लोअर मार्ग होते हुये, संबंधित कल्पवास क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे। समस्त कल्पवासियों से अपेक्षा है कि वह अपने वाहनों को संबंधित संस्थानों अथवा निर्धारित पार्किंग के अंदर खड़ा करें, जिससे कि मेला क्षेत्र में आने वाले अन्य श्रद्धालुओं और स्थानार्थीयों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। अतः समस्त कल्पवासियों से निवेदन है कि मेला क्षेत्र में सुगम आगमन के लिये निर्धारित मार्ग का ही प्रयोग करे तथा उपरोक्तानुसार निर्दिष्ट स्थान पर ही अपने वाहनों की पार्किंग करें।

### कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी शोक संवेदना प्रकट करने प्रतापपुर पहुंचे

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर क्षेत्र के पूर्व ब्लॉक प्रमुख राघव शरण पांडेय एवं प्रतापपुर विधानसभा कांग्रेस नेता व पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ इलाहाबाद विश्वविद्यालय की माता के निधन पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी क्रमशः प्रतापपुर के वृंदावन भेलखा एवं भदारी गाँव रविवार को पहुंचे तथा मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों से मिले इस अवसर पर सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद रहे ।

## सांसद ने उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन कर किया शुभारम्भ

### उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर : मा0 सांसद



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश दिवस पर लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के कार्यक्रम का एनसीजेडसीसी के सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल ने रविवार को उत्तर मध्य सांस्कृतिक केन्द्र में आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मा0 सांसद ने इस अवसर पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम आज चौथा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मना रहे है। इस वर्ष की थीम आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश-महिला-युवा-किसान सबका विकास सबका सम्मान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के अथक प्रयासों एवं कर्मठता से उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विभिन्न चुनौतियों को पार करते हुए मा0 मुख्यमंत्री नेतृत्व में तेजी के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों, उद्यमियों, किसानों, महिलाओं, कृषि वैज्ञानिकों तथा अन्य सभी लोगो को बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार ने आयोजित कार्यक्रम एवं उत्तर प्रदेश दिवस तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में राजकीय बालिका इण्टर कालेज सिविल लाइंस, राजकीय बालिका इण्टर कालेज कटरा, सेंट एंन्थोनी गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण के बारे में नुक्कड़ नाटक एवं गीत के माध्यम से प्रस्तुतीकरण कर उपस्थित लोगो का मन मोह लिया। इसी क्रम में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में रजिस्टर्ड सरस्वती लोकगीत पार्टी के द्वारा सरस्वती वंदना एवं विकास गीत के माध्यम से लोगो को आकर्षित किया। अंत में परियोजना निदेशक के0के0 सिंह ने मा0 सांसद महोदया एवं कार्यक्रम में आये हुए लोगो के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एडीआईओएस प्रभाकर त्रिपाठी के द्वारा किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी ए0के0 मौर्या सहित सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के अलावा काफी संख्या में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थीगण के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।



प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल

## डीआईजी एसएसपी ने फूल ड्रेस ग्रांड रिहर्सल परेड का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस लाइन में आगामी 26 जनवरी को आयोजित होने गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियां मुकम्मल को लेकर आज पुलिस उप महानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने परेड ग्राउंड का फूल ड्रेस ग्रांड रिहर्सल का निरीक्षण किये प्रतिभागियों को सुब्यवस्थित एवं सुसज्जित हेतु निर्देशित किये डीआईजी एसएसपी श्री त्रिपाठी पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जिप्सी से परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट से सलामी ली। परेड में अलग -अलग टुकड़ियों की तरफ से शानदार मार्च पास्ट किया गया और मुख्य मेहमान की आमद से लेकर समागम की समाप्ति तक की पूरी रिहर्सल की गई आपको बता दें, अलग-अलग विभागों के जाबाज जवानों द्वारा रैतिक परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी।गणतंत्र दिवस की 72 वीं वर्षगाँठ के अवसर पर मुख्य अतिथि व एडीजी प्रेम प्रकाश आईजी के०पी०सिंह तथा डीआईजी एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी व जिले के अन्य अधिकारी सम्मलित होंगे।



निरीक्षण करते डीआईजी एसएसपी

### लाभार्थियों को वितरित किया चेक व उपकरण

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर सांसद श्रीमती केशरी देवी पटेल ने एनसीसीजेडसीसी में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चेक एवं उपकरण का वितरण किया। लाभान्वित होने वालों में युवा कल्याण विभाग के 05 लाभार्थी, एनआरएलएम के 10, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास के 04, मत्स्य विभाग के 02, बेसिक शिक्षा विभाग के 10 छात्र-छात्रायें, डूडा के 04 एवं दीन दयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के 02 समूहों, खेल विभाग के 03, पंचायतीराज के 04, दिव्यांगजनों के 11, सेवायोजन के 05, कृषि विभाग के 05 सहित अन्य विभागों के लाभार्थियों को लाभान्वित कराया गया। मा0 सांसद महोदया द्वारा दिव्यांगजन विभाग की तरफ से दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, बैसाखी, ईयर मशीन सहित अन्य उपकरण प्रदान किये।

## मा0 सांसद ने एनसीजेडसीसी परिसर में प्रचार-प्रसार हेतु लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर किया उद्धाटन

**प्रयागराज।** मा0 सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल रविवार को एनसीजेडसीसी परिसर में ही विभिन्न विभागों के द्वारा योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु लगायी गयी प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्धाटन किया। मा0 सांसद ने प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के द्वारा योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण कर अवलोकन किया तथा योजनाओं के बारे में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कृषि विभाग के स्टॉल पर जाकर नीमकोटेड यूरिया, विभिन्न सब्सिडाइज्ड कृषि यंत्रों, बीजों, उर्वरकों, किसान सम्मान निधि एवं सरकार द्वारा आयोजित किसानों के हितों से सम्बंधित योजनाओं के बारे में एक-एक कर उप निदेशक कृषि से जानकारी ली और कहा कि योजनाओं के बारे में एवं सरकार के द्वारा कृषि योजनाओं में दिए जा रहे विभिन्न लाभों एवं सब्सिडी के बारे में अधिक से अधिक लोगो को जागरूक करें, जिससे कि सरकार की योजनाओं का लाभ अन्तिम व्यक्ति तक पहुंच सके। मा0 सांसद ने दिव्यांगजन विभाग, महिला कल्याण विभाग, डूडा, श्रम विभाग, पंचायतीराज विभाग, शिक्षा विभाग, कौशल विभाग इत्यादि विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों पर जाकर सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को अधिक से अधिक लोगो तक शुलभ तरीके से पहुंचाने को कहा, जिससे कि अधिक से अधिक लोग सरकार की योजनाओं से अवगत हो सके एवं सरकारी योजनाओं का लाभ पा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## 26 जनवरी को जंघई में 51 मीटर की तिरंगा यात्रा की तैयारी जोरों पर

**प्रतापपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी को जंघई में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जिसकी तैयारी जोरों पर है। बभनियांव गांव व करौर गांव में जनसंपर्क कर कार्यक्रम जारी है जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़ने और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के युवा लगे हुए है।आयोजक जन कल्याण सेवा संघ के संस्थापक रोहित ब्राह्मण व क्षेत्र के युवा है जो तिरंगा यात्रा की तैयारी मे जोरो से जुट गए है। तिरंगा यात्रा पिछले वर्ष भी 26 जनवरी 2020 को भोगीपुर चौरा माता मंदिर से 51मीटर के तिरंगा के साथ तिरंगा यात्रा प्रारंभ हुआ था। जिसे इस वर्ष और भव्य बनाया जा रहा है। इसी लिए युवाओं ने जन संपर्क कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगो को जोड़ रहे है। इस वर्ष तिरंगा यात्रा भोगीपुर चौरा माता मंदिर, से प्रारंभ होकर जंघई कालेज कालोनी, जंघई बाजार होते हुए बाईपास दुगागंज बाईपास बाबानगर से होकर रामजानकी मंदिर जंघई फाटक होते हुए बभनियांव ग्रामसभा में बादशाहपुर मोड़ पर सम्पन्न होगा। समाजसेवी विजय मिश्रा ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील किया है कि इस कार्यक्रम में आप सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले यह कार्यक्रम किसी व्यक्ति विशेष का नही है यह कार्यक्रम समस्त जंघई क्षेत्रवासियों का है।इस मौके पर मयाशंकर तिवारी, कमलाशंकर तिवारी, कृपा शंकर तिवारी, आशीष दुबे, निशु श्रीवास्तव, अश्वनी उपाध्याय, कपिल तिवारी, अभिषेक तिवारी, अनिल तिवारी, ऋषभ तिवारी, पंडित अभिनव तिवारी, शुभम तिवारी, दिनेश चौहान, श्री राम गुप्ता, ऋतिक पाठक, दीपू पांडेय, मंगला प्रसाद पटेल, कौशल पांडेय, रुद्राक्ष तिवारी, चंद्रपाल चौहान सहित समस्त क्षेत्र की जनता उपस्थित रहेगी।




नाई समाज को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते विधायक जमुना प्रसाद

## विधायक ने कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर नाई समाज को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

**सोरांव।** विधायक जमुना प्रसाद सरोज विधानसभा सोराव के द्वारा नाई समाज के लोगों को जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिन पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और नाई समाज के कमजोर वर्गों के लोगों उत्थान के लिए सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन तक पहुँचाने का आश्वासन दिया । इस मौके पर नाई समाज के लोगों में शुभम शर्मा दानूपुर सोरांव, दूधनाथ शर्मा ग्राम सभा अब्दालपुर, सुभाष चंद शर्मा दादूपुर, अनूप शर्मा अब्दालपुर, रमेश शर्मा दादूपुर, बलराम शर्मा दादूपुर इत्यादि लोग मौजूद रहे। सम्मान पाकर लोगों में हर्ष व उल्लास व्याप्त रहा लोगों ने डॉ जमुना प्रसाद को बहुत-बहुत बधाई दी

### रोटरी इलाहाबाद इलीट ने उत्कृष्ट सेवाएं देने वालो को किया पुरस्कृत

**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद इलीट ने विभिन्न व्यवसाय में लंबी समय तक सेवाएं देने वाले लोगो को सम्मानित किया। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन संजय तलवार ने बताया कि रोटरी क्लब ऐसे लोगो का सम्मान करता है जो लंबे समय से अलग अलग व्यवसायों में अपनी सेवाएं निरन्तर देते आ रहे है, सचिव नितिन चोपड़ा के अनुसार रोटरी क्लब हर वर्ष यह सम्मान समारोह का आयोजन करता है। जिनको पुरस्कृत किया गया उनमें प्रमुख कमला नेहरू अस्पताल से प्रगति पंकज, हेड पोस्ट ऑफिस के अरुण कुमार शर्मा, नजूल विभाग के लल्लू लाल, नैनी सेंट्रल जेल के राम गोपाल यादव, चन्द्र शेखर आजाद पार्क के सुरेश कुमार यादव, इलाहाबाद संग्रहालय की श्वेता सिंह, फेडरल बैंक के राजेन्द्र कुमार, बंधन बैंक के कमल सिंह, केंद्रीय जी एस टी विभाग के जिया लाल, सेंट्रल एक्साइज विभाग से राम जी निशात, एस पी ट्रैफिक राघवेंद्र प्रताप सिंह, रेलवे विभाग से हरीश चंद्र यादव, सेल्स टैक्स विभाग के अरुण कुमार गौतम, सी एम ओ ब्रिज नन्दन बिहारी, नगर निगम के लाल बाबू यादव आदि।

## नवनिर्वाचित सदस्य विधान परिषद का भाजपाइयों ने किया स्वागत



कौड़िहार बाजार में सुरेन्द्र चौधरी का माला पहनाकर स्वागत करते समर्थक

**नवाबगंज।** भाजपा उत्तर प्रदेश द्वारा सदस्य विधान परिषद प्रयागराज से प्रत्याशी बनाए गए सुरेंद्र चौधरी को निर्विरोध निर्वाचित होने पर भाजपा कार्यकताओं ने कौड़िहार चौराहे मंडल अध्यक्ष राजू पाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि मुझे जो प्यार और आशीर्वाद कौड़िहार मंडल के कार्यकर्ता व स्थानीय लोगों ने दिया है इससे मैं अभिभूत हूं। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल मंत्री ऋतु राज पांडेय ने किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू पाल, महामंत्री अशोक शंकर मिश्र, राजू पांडेय, राम रूप पटेल, आंनद गुप्ता, ललित साहू, संदीप मोदनवाल, अयोध्या प्रसाद साहू, एडवोकट अनिकेत शुक्ला, अमित ओझा, राजू पांडेय, अर्जुन पटेल, अशोक पांडेय, योगेश तिवारी आदि लोग रहे।

### फरार रेलकर्मी ने डॉक्टर को भी लगाई थी लाखों की चपत

**प्रयागराज।** युवाओं को रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों का चूना लगाने वाले रेलकर्मी मनोज पांडेय का फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद नए मामले भी सामने आए हैं। सिविल लाइंस के एक डॉक्टर ने भी खुल्दाबाद पुलिस को अपनी आपबीती सुनाई है। डॉक्टर ने बताया कि कुछ साल पहले एक मंत्री का सचिव बनकर उनके साथ भी रेलकर्मी ने पांच लाख रुपये की ठगी की थी। बताया था कि स्वास्थ्य मंत्री के कोटे से डॉक्टर के बेटे को एमबीबीएस में दाखिला दिला देगा। इसके बाद लाखों रुपये हड़प गया। रुपये वसूलने के लिए डॉक्टर ने काफी कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। कौशाम्बी के रहने वाले जितेन्द ने रेलवे कर्मचारी और नेता मनोज पांडेय और उसके बेटे अंकित के खिलाफ नौकरी के नाम पर 20 लाख रुपये हड़पने का मुकदमा खुल्दाबाद थाने में दर्ज कराया था। आरोप था कि चार बेरोजगार युवकों से नौकरी के नाम पर पांच-पांच लाख रुपये लिए थे। पुलिस इस मामले में मनोज के बेटे अंकित को गिरफ्तार कर-के जेल भेज चुकी है।

## किशोरियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाएं

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर ब्लॉक बहरिया के ग्राम गरापुर के डिग्री कॉलेज में किशोरियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का कार्यक्रम ग्रीन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट के सौजन्य से स्मृति कर्तिकिये, अधिवक्ता, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष सुबोध यादव के संयोजन मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नेहरू युवा केन्द्र की जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) एषा सिंह, राज्य प्रशिक्षक चंद्रमानी मिश्रा कार्यक्रम मे अहम भूमिका रही।बालिकाओं को मासिक धर्म से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी दी गयी तथा सवाल जवाब के मध्याम से महावरी को लेकर मिथक व भ्रांति को दूर किया गया। कार्यक्रम में लगभग ३०० किशोरियों को सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया गया। इसी कार्यक्रम में हाल ही में जल मिशन (NWM) ने वर्षा जल संचयन के लिए जलवायु परिस्थितियों और उप-मृदा स्तर के लिए उपयुक्त वर्षा जल संचय संरचना (RWHS) के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'कैच द रेन' अभियान शुरू किया है। उस विषय पर जिला परियोजना अधिकारी ने चर्चा कर लोगो की सक्रिय भागीदारी के साथ जल संचयन गड्ढे, छत पर वर्षा जल संचय और चेक डैम बनाने के लाभ को समझाया गया और जल संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाया और साथ में गंगा सफाई को लेकर भी लोगो को जागरूक व प्रेरित किया गया।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

### कोइलहा प्रीमियर लीग की विजेता बनी मानेडीह

**प्रतापपुर।** कोइलहा प्रीमियर लीग का शुभारंभ दिनांक 17 जनवरी 2021 को समाजसेवी अजय शंकर दुबे और युवा नेता रत्नेश मिश्र वतन ने फीता काटकर उद्घाटन किया । टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले की विजेता बनी मानेडीह तथा उपविजेता रही भदोही की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 7 ओवरों में 76 रन बनाई जवाब में भदोही की टीम 48 रन पर आल आउट हो गई ।तीसरे नंबर पर रही पतैया की टीम ।टूनार्मेंट के सामापनकर्ता वरिष्ठ समाजसेवी ओम प्रकाश मिश्रा, रमाकांत मौर्य, रत्नेश मिश्रा रहे । आयोजकों ने आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया एवं अतिथियों से पुरस्कार वितरण करवाया । फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच बने ओझा और मैन ऑफ द सीरीज रहे भदोही के कृपा टूनार्मेंट के अध्यक्ष विजय मिश्रा विजेता एवं उपविजेता टीमो को बधाई देते हुए आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया ।टूनार्मेंट के संस्थापक प्रदीप प्रजापति एवं अशोक गुप्ता ने विजेता एवं उपविजेता टीमो को को शुभकामनाएं दीं।

## यूपी-डे महोत्सव में कैंब्रिज स्कूल के बच्चों ने लगाया चार चांद

### रंगारंग कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं ने किया मंत्रमुग्ध, कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कालेज में लगी आकर्षक प्रदर्शनी




बच्चों द्वारा बनायी गई रंगारंग पेंटिंग प्रस्तुत करते हुए

**शंकरगढ़।** कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कालेज में रविवार को यूपी-डे महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें कालेज के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा बच्चों ने ऐतिहासिक विरासत का परिचय देते हुए अपनी सांस्कृतिक विरासत का भी परिचय दिया।

यूपी डे के अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों की एक आकर्षक प्रदर्शनी लगाई, जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। यूपी-डे के मौके पर निबंध और वाद विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

बता दें कि सरकार के निदेर्शानुसार शैक्षिक संस्थाओं में यूपी डे का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत शंकरगढ़ के पंखा टोला में स्थित कैंब्रिज हाईस्कूल एंड कालेज के बच्चों ने प्रदर्शनी, निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद आदि के माध्यम से उत्तर प्रदेश की विरासत को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की पहली कड़ी में कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों में निबंध प्रतियोगिता हुई, जिसमें रिचा सिंह, तनीशा, किशन, आलोक यादव सहित कई बच्चों ने भाग लिया। बच्चों द्वारा विद्यालय परिसर में विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों की साफ झलक दिखी। प्रदर्शनी में ताजमहल की कलाकृति बनाकर अनु सिंह (कक्षा नौ) प्रथम स्थान पर रहीं। द्वितीय स्थान राम मंदिर की प्रदर्शनी लगाने वाले सार्थक और मुस्कान को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान मिला। तीसरे स्थान पर कक्षा 11 की अमृता सिंह रहीं, जिन्होंने महिला हिंसा पर की कलाकृति पेश की। इसके अलावा झांसी का किला, बनारस घाट, उच्च न्यायालय, लाल किला, इंडिया गेट आदि स्थलों की कलाकृतियां पेशकर बच्चों ने सबका मन मोह लिया।

कार्यक्रम के अंत में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वाद-विवाद प्रतियोगिता में सौरभ सिंह, प्रेरित मिश्रा, अनुराग मिश्रा, शिखर पांडेय, किशन दुबे, अनीशा मोदनवाल, रिचा केसरवानी सहित कई बच्चों ने बढ़ चढकर भाग लेकर किसान बिल और नई शिक्षा नीति पर अपने पक्ष व विपक्ष में मत प्रस्तुत किए। यूपी डे महोत्सव के अवसर पर कालेज के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय, मणिशंकर दुबे, इंद्रजीत मिश्र, सौरभ प्रकाश, अयाज अंसारी, तौफीक अहमद, धर्मराज कुशवाहा, अतुल पांडेय, राजेश गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### नाजायज शस्त्र और कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**अझुवा कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे चायल सर्किल क्षेत्र के चरवा थाना अंतर्गत बरियावा पुलिस चौकी ने अपराधियों पर बड़ी कार्यवाही की है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अरुण कुमार मौर्या चौकी प्रभारी बरियावां थाना चरवा ने साना गांव से समदा जाने वाले मार्ग पर तालाब के पास दो नफर अभियुक्त गोरे लाल पुत्र चंद्रपाल पासी निवासी समस पुर और शैलेन्द्र कुमार पुत्र ओमप्रकाश पटेल निवासी मीरापुर को मय एक अदद तमंचा 315 बोर मय दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध लिखा पढ़ी कर पुलिस ने जेल भेज दिया है

### परिजनों से परेशान हैं सेवानिवृत्त शिक्षक

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद के रहने वाले सैयद आजादर हुसैन प्रयागराज शहर के एक कालेज में शिक्षक थे अब वह सेवानिवृत्त हो गए हैं उनके पूर्वजों की जमीन कुआ बाग मुस्तफाबाद गांव में है उस जमीन कुआ बाग पर उनके ही पट्टी दारो की नियत खराब हो गई और बदनीयती के चलते सैयद आजा दार हुसैन की जमीन पर पट्टी दार कब्जा करने लगे हैं शिक्षक का आरोप है कि परिजन आए दिन झगड़ा लड़ाई पर आमादा रहते हैं उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर अवैध कब्जा करने वाले पट्टी दारों पर कार्यवाही की मांग की है।

### चौड़ीकरण के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग में लगा जाम

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण के चलते कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे पर फिर रविवार को भीषण जाम लग गया है इस जाम में सड़क की दोनों तरफ सैकड़ों वाहन फंस गए हैं कोखराज थाना पुलिस की कड़ी मेहनत के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग का जाम समाप्त हो सका है चाकवन चौराहे के पास 30 मिनट से अधिक जाम लगा रहा जिसके चलते वाहन चालक और आम जनता हलाकान रही

### 20 लीटर अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अझुवा कौशाम्बी।** अवैध शराब परिवहन एवं निष्कर्षण अभियान के अंतर्गत सिराथू चौकी प्रभारी ने जबरदस्त कार्रवाई की है चौकी प्रभारी की कार्रवाई की जद में आए अवैध शराब कारोबारी मटरू पासी पुत्र स्वर्गीय मधई पासी निवासी चकिया मजरा रामपुर धामावा थाना सैनी को 20 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करते हुए मौके पर अर्धनिर्मित शराब लहन को पुलिस ने नष्ट कराया।

# जनपद में भव्य तरीके से मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह

**लोकगीत एवं कठपुतली सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम लोगों योजनाओं की दी गयी जानकारी**

**विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को मिला सम्मान**





उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का शुभारम्भ करते कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस-2021 समारोह के अवसर पर रविवार को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में भव्य तरीके से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास विभाग मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह ह्यह्यमोती सिंहह्लह्ल सम्मिलित हुये। इस दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीना, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शत्रोहन वैश्य सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का शुभारम्भ कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने फीता काटकर, दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कैबिनेट मंत्री मोती सिंह ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु जिला स्तरीय महिला स्कूटी/बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर कैबिनेट मंत्री मोती सिंह एवं सांसद संगम लाल गुप्ता ने अफीम कोठी परिसर विभिन्न विभागों के द्वारा लगायी गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं सम्बन्धित से जानकारी भी प्राप्त की। बेसिक शिक्षा विभाग की प्राइमरी छात्रा शुभांगी द्वारा ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन मॉडल की प्रदर्शनी को देखकर मंत्री जी ने उस बच्ची की प्रशंसा की और आशा व्यक्त की कि यह बच्ची एक दिन वैज्ञानिक बनेगी। समारोह के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत 25 मनरेगा पार्को का शिलान्यास कैबिनेट मंत्री मोती सिंह एवं सांसद संगम लाल गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विज्ञान के अध्यापक श्याम प्रकाश की प्रेरणा से यह बच्ची नेशनल लेवल पर बाल वैज्ञानिक चुनी गयी है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मोती सिंह ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की शुरूआत करने के लिये मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पूर्व राज्यपाल राम नाईक को धन्ववाद ज्ञापित किया। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस को गणतंत्र दिवस के पूर्व एक पर्व मनाने की परम्परा की शुरूआत की गयी जिसके माध्यम से हमें आत्म अवलोकन का अवसर मिला है। उत्तर प्रदेश दिवस वर्ष 2018 से एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन ह्यह्यआत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, महिला-युवा-किसान, सबका विकास सबका सम्मान की थीम पर आयोजित किया गया है। इस दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के साथ आम जनता तक योजनायें पहुँच रही है। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने आये हुये अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 10 कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया। बेसिक शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट योगदान करने वाले 05 अध्यापकों को प्रमाण पत्र, प्रतियोगिता में प्रतिभागी 05 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम के अन्तर्गत 30 छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अन्त में सभी आये हुये अतिथियों एवं उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के सहयोगी अधिकारियों मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन मो0 अनीस द्वारा किया गया।सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उ0प्र0, लखनऊ में पंजीकृत बेधड़क लोकगीत पार्टी एवं शिल्पी कठपुतली कलाकेन्द्र द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह के दौरान मा0 मुख्यमंत्री जी का सजीव प्रसारण एल0ई0डी0 टीवी के माध्यम से दिखाया गया।

### डॉ. श्याम शंकर बने संयोजक

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश स्व वित्तपोषित महा विद्यालय एसोसिएशन की बैठक आचार्य सदाशिव शिक्षा संस्थान खरहर रानीगंज में हुई। इस दौरान संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। डॉ. श्याम शंकर उपाध्याय को सर्वसम्मति से संयोजक मनोनीत किया गया। वहीं मुराद अहमद, राकेश तिवारी, मनीष मिश्रा, उदयशंकर, अशोक पाल, दिनेश मिश्र, बालमुकुंद तिवारी, प्रवीण शुक्ला, डॉ. शैलेंद्र त्रिपाठी, महेंद्र मिश्रा आशीष यादव, अशोक यादव को संगठन विस्तार की जिम्मेदारी दी गयी। डॉ. लालजी त्रिपाठी, डॉ. गोपाल शुक्ला को संरक्षक मनोनीत किया गया।



समर्पणनिधि संग्रह जागरूकता अभियान की निकली शोभायात्रा

# समर्पण निधि संग्रह जागरूकता अभियान की निकली शोभायात्रा

**बाघराय।** समर्पण निधि संग्रह जागरूकता अभियान के तहत शोभा यात्रा बाबा भैरव नाथ धाम भाव से निकाली गई शोभायात्रा में मौजूद राम भक्तों में जय श्रीराम के उद्घोष से यात्रा में नाचते गाते झूमते हुए जय श्रीराम के नारे लगाते हुए धारूपुर बदलीकपुरवा बंशियारा या साहू का चरही उमरी कोटिला उमरा पट्टी मलावाछजयीपुर भटपुरवा चामुंडा धाम पूरे शिव भीख सुंदर गंज पूरेखोथयी होते हुए बाबा भैरव नाथ धाम यात्रा पहुंची जहां यात्रा का समापन किया गया यह शोभायात्रा खंड कार्यवाह मुनीश जी की अगुवाई में निकाली गई मुनीशजी नै कहा कि भगवान राम का मंदिर निर्माण हिंदुओं के लिए श्रद्धा आस्था का विषय है इतने दिनों के इंतजार के बाद अब मंदिर निर्माण शुरू हो गया है इससे खुशी की बड़ी बात और क्या है अपनी इच्छा से जो भी संभव हो समर्पण राशि जमा करें अपना जीवन धन्य बनाएं इस मौके पर राम बहादुर पांडे सूर्यकांत निराला वेद प्रकाश संदीप मिश्रा चंद्रभान अनिल पांडे सूर्यमणि अनूप राम भवन शुभम त्रिपाठी अनूप दुबे अनुज मिश्रा शैलेंद्र रमेश पांडे रामबाबू जगदीश मिश्र आकाश रिशु प्रिंशू सागर शिवराम चंचल शिवम अतुल मिश्रा आदि मौजूद रहे।



अब्दुल कलाम की उपाधि से नवाजे गये होनहार बच्चे

# अब्दुल कलाम की उपाधि से नवाजे गये होनहार बच्चे

जेठवारा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक व बच्चों को मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह,व जिला अधिकारी प्रतापगढ़ के द्वारा सम्मानित किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग के 5 शिक्षक एवं 10 बच्चे सम्मानित किए गए। जिसमें मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के 6 बच्चे शुभांगी सिंह, आस्था सिंह, सृष्टि अग्रहरी, पियूष पाल, सतीश पाल, कपिल पाल तथा मल्लूपुर के 4 बच्चे शिवानी, श्रेया सिंह ,दीपांशु, सौरभ गुप्ता सम्मानित किए गए। उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के बच्चों द्वारा मॉडल प्रस्तुतीकरण पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री ने बच्चों को पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की उपाधि से सम्बोधित किया एवं उनके गुरुजनो कीभी प्रशंसा किया। बच्चों के मॉडल तैयार करने में उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के मनोज कुमार की सहयोगी भूमिका रही है। शिक्षा विभाग से राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त उत्कृष्ट कार्य करने वाले मोहम्मद फरहीम के साथ श्याम प्रकाश मौर्य रश्मि मिश्रा, विजय विश्वकर्मा रेड़ी (ए आर पी), आशुतोष निर्मल (एस आर जी) को भी सम्मानित किया गया।


### प्रेम नगर चैराहे पर पांच गुमटीओ का टूटा ताला

**शिवगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र के प्रेम नगर चैराहे पर बीती रात चोरों ने पांच गुमटियों का ताला तोड़ कर गुमटी में रखा सारा सामान और नगदी साफ कर दिये।सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने गये तो उन्हें गुमटी का टूटा और गुमटी में रखा सामान गायब मिला।पीड़ित ने चोरी की लिखित तहरीर थाने में दी है।तहरीर देने वालों में सूर्य नारायण सिंह उर्फ पुनयी सिंह निवासी बांसी,विजय नरायन पांडेय,राम समझ यादव,हरिहर सिंह तथा जमुना शर्मा शामिक रहे।बतादें की विगत कुछ दिनों से रानीगंज इलाका चोरों के निशाने पर है।इसके पहले भी क्षेत्र में कई चोरियां हो चुकी है।पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही न किये जाने के कारण चोरों के हौसले बुलंद है।बेखौफ चोर आये दिन नित्य नयी नयी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है।

# 60 लाख की लागत से निर्मित विद्यालय भवन हो रहा है मटियामेट

**अझुवा कौशाम्बी।** सरकार भले ही शिक्षा के मामले में बड़े बड़े दावे कर ले लेकिन जिम्मेदार कब सुधरेंगे आखिर कब शिक्षा व्यवस्था सुधरेगी जब नवनिर्मित भवन ही मटियामेट हो जाएगा मामला नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 8 अमीरता पुर का है।

जानकारी के अनुसार 2015-2016 में शासन द्वारा राजकीय हाईस्कूल के लिए आवास विकास परिषद की कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माणधीन 59 लाख से अधिक धनराशि अवमुक्त कर नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नं 8 अमिरतापुर में आलीशान विद्यालय भवन का निर्माण करवाया गया जहां पर गरीब कमजोर घरों के विद्यार्थियों को अध्ययन का सपना दिखाया गया लेकिन हुआ क्या ?आज भी आधी अधूरी पूरी बिल्डिंग का जंगला,शीशे दरवाजे शौचालय टूटे उखड़े पड़े हैं निमार्णाधीन भवन छिन्न भिन्न की अवस्था मे पड़ा है,बाउंड्री को तो छोड़िए केवल कमरे दीवाल छत शेष है बांकी सब तहस नहस है!ठेकेदार ने विगत वर्षों से उस भवन में कार्य नही पूरा करवाया है मजेदार तथ्य देखिए इस धराशायी राजकीय हाईस्कूल में एक अंग्रेजी बिषय के अध्यापक भी पोस्ट हैं संतोष कुमार पटेल जो कि प्रतापगढ़ से प्रतिदिन आवागमन कर एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमिरतापुर केन में



विद्यालय भवन का खस्ताहाल दृश्य

**आखिर कब बनेगा राजकीय हाईस्कूल !**

**अझुवा कौशाम्बी।** जिला विद्यालय निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया आवास विकास को किस्त देर में मिलने से समय से निर्माण नही हो पाया है। अभी विद्यालय हैंडओवर नही हुआ है।

राजकीय हाईस्कूल अमिरतापुर में पंजीकृत 9 विद्यार्थियों को शिक्षा दे रहे हैं!!जिम्मेदारों की मंशा पर सवाल उठना लाजिमी है। वहीं नाम न लिखने की शर्त पर शिक्षक ने बताया राजकीय हाईस्कूल के लिए कम से कम 7 अध्यापक 1 बाबू 1 चपरासी की आवश्यकता होती है !जबकि संतोष कुमार पटेल अंग्रेजी अध्यापक की नियुक्ति की गई है वो भी दूसरे विद्यालय में एक कमरा लेकर मात्र 9 विद्यार्थियों को शिक्षा ग्रहण करवा रहे हैं ये कम अचंभा है क्या ?इस राजकीय हाइस्कूल की निर्माण के समय से सवाल उठ रहे थे कि विद्यालय की अवस्थिति ऐसी जगह की गई वीरान जगह !बुद्धजीवियों और नगर पंचायत के लोगो के अनुसार इतनी लागत और साधन सुविधा से ऐसा विद्यालय नगर पंचायत के नजदीक पड़ी तमाम भू भागों में किया जाता तो छात्र संख्या बढ़ती लेकिन जिम्मेदार ने मोटा कमीशन के चक्कर मे वीरान क्षेत्र चुन कर खेल किया है।

### 25 और 26 जनवरी को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री व सांसद कौशांबी विनोद सोनकर 25 जनवरी व 26 जनवरी को अपने लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत मंझनपुर स्थित कांशी राम गेस्ट हाउस में रात्रि प्रवास करेंगे तथा पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे साथ ही जनपद के विभिन्न कार्यक्रमों में वह शामिल होंगे 25 जनवरी को 11:00 बजे जिला योजना की बैठक में 3:00 बजे से भाजपा जिला कार्यालय में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संदर्भ में बैठक में भी वह शामिल होंगे 1:00 बजे मंझनपुर स्थित एक निजी चिकित्सालय के उद्घाटन कार्यक्रम में भी शामिल रहेंगे एवम 4:00 बजे सिराथू रोड स्थित सैनी में एक निजी रेस्टोरेंट का उद्घाटन सांसद करेंगे तथा 26 जनवरी को 8:00 बजे पुलिस लाइन स्थित गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम में सांसद विनोद सोनकर शामिल होंगे उक्त आशय की जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेंद्र पांडेय ने दी।

# जमीनी विवाद के निस्तारण को विधायक से की फरियाद

**कौशाम्बी।** विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने केंद्रीय कार्यालय भरवारी में रविवार को आम जनता की फरियाद को सुना चायल विधायक संजय गुप्ता के जन सुनवाई के दौरान 190 फरियादियों की समस्याओं से संबंधित शिकायतों प्राप्त हुई जन सुनवाई के दौरान आम जनता की तमाम समस्याओं में 10 शिकायतों को विधायक ने मौके पर ही निस्तारण किया शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को उन्होंने शिकायती पत्र को निस्तारण करने को निर्देशित किया। चायल विधायक संजय गुप्ता के जनसुनवाई में पहुंची शिकायतों में जमीनी विवाद के मामले सर्वाधिक है शिकायतों में मुख्य रूप से हैंडपंप और रास्ता, प्रधानमंत्री आवास से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता में मुख्य रूप से ओमप्रकाश सरोज सिकंदरपुर बजहा से पेयजल समस्या हेतु हैंडपंप के लिए प्रार्थना पत्र दिया काजू से श्रीनाथ सरोज पुत्र बच्ची लाल सरोज ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि गांव के ही मातादीन मेरी ही जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करना चाहते हैं महेशपुर से लालाराम मिश्रा ने गांव की सड़क बनाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया बिसारा से सूरज देवी पत्नी रामखेलावन में गांव के ही कोटेदार राशन ना देने की शिकायत पत्र दिया सैयद सरावा से सत्यनारायण यादव पुत्र स्वर्गीय रामस्वरूप ने गांव के ही राजकुमार पुत्र शंकरलाल के ऊपर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाया भरवारी से उमेश कुमार ने विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया नया बाजार भरवारी से लोगो ने अपने मोहल्ले की नाली और सड़क बनवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया बसुहार से ओमप्रकाश कुशवाहा ने अपने गांव में ही रास्ते पर रविकांत दिलीप आदि पर जबरन अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया चौराडीह से राम प्यारी पत्नी मिठाई लाल ने हैंडपंप लगवाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया रसूलपुर काजी से नफीश अहमद में वृद्धा पेंशन बनवाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया। सभी शिकायतों को गंभीरता से विधायक श्री गुप्ता ने अवलोकन करते हुए संबंधित विभाग को पत्र के माध्यम से निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे उक्त आशय की जानकारी विधायक के मीडिया प्रभारी सूरज यादव ने दी है।



आम जनता की समस्याओं को सुनते विधायक संजय गुप्ता

# कर्पूरी ठाकुर का मनाया गया 97वां जन्मदिवस

**प्रतापगढ़।** मीरा भवन स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महान समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर जी का 97वां जन्मदिवस मनाया गया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी हुई। अध्यक्षता वरिष्ठ सपा नेता गुलफाम खान व संचालन जिलामहासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव ने कहा कि स्वर्ग स्व. कर्पूरी ठाकुर शोषित समाज से बिहार जैसे प्रदेश के मुख्यमंत्री बने यह उनके कृतित्व को प्रदर्शित करता है शोषित दलित एवं समाजिक के प्रतीक जननायक के जन्मदिवस पर समाजवाद की स्थापना को समाजवादी साथी दृढ़ संकल्पित हो। जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने कहा कि वर्तमान समय में देश एवं प्रदेश में समाजवादी अलख को जगाये रखने वाले सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव एवं अखिलेश यादव के कार्यों को जनता के बीच जाकर 2022 में समाजवादी सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर अपने-अपने बूथों पर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें। इस अवसर पर जिलाउपाध्यक्ष इरशाद सिद्दीकी, रमेश यादव, वासिक खान, सुषमा पाल, गीता यादव, शबनम बानो, शहरे आलम, राजू यादव, एहतेशाम आलम शेरू , नरेंद्र पाल एडवोकेट, पारसनाथ यादव, अमीरूल हक, राजकुमार यादव, संजय सिंह, प्रदीप यादव, डॉ.एजाज, निसार अहमद, बबलू खान, अमित यादव, अनुज पाल, कमरूल हसन, साकिर अली, मुन्ना सिंह यादव, रियाजुद्दीन, यूनुस मंसूरी, मोहम्मद लईक, अल्ताफ, पप्पू यादव, पवन श्रीवास्तव, विपिन सरोज, सचिन शर्मा, जग नारायण यादव, मीडिया प्रभारी मनीष पाल सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।



कपूर्री ठाकुर जी का 97वां जन्मदिवस मनाया गया

### निवर्तमान प्रधान व पूर्व प्रधान के समर्थकों में चुनावी रंजिश को लेकर हुई मारपीट

**बाघराय।** थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में निवर्तमान प्रधान वीरेंद्र सिंह व पूर्वप्रधान श्यामकली के बेटे सुनील कुमार उर्फ मोनू सरोज के बीच बीते शनिवार की देर शाम कहासुनी होने लगी देखते देखते मारपीट होने लगी जमकर लाठी-डंडे चले एक पक्ष से निवर्तमान प्रधान वीरेंद्र सिंह व शैलेंद्र सिंह सत्येंद्र सिंह नरेंद्र सिंह दूसरे पक्ष से सुनील कुमार सरोज उर्फ मोनू व बाबूलाल सरोज गंभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी बाघराय पहुचाया जहां डाक्टरों ने प्रारंभिक इलाज के बाद सभी घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# बाजार में लगा हाई मास्क छ: महीनों से पड़ा है खराब

**बंधवा बाजार।** बाजार में लगा हुआ हाई मास्क 6 महीने से खराब हुआ है कई बार बाजार वासियों ने इस संबंध में शिकायती पत्र देकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत भी किया लेकिन कोई भी नतीजा नहीं निकला आज भी बाजार के लोग अंधेरे में रहने के लिए विवश है। पट्टी तहसील क्षेत्र के बंधवा बाजार चैराहे पर सांसद निधि से 1 साल पहले हाई मास्क लगाया गया था बाजार वासियों को रात में किसी प्रकार की परेशानी ना हो और रोशनी उपलब्ध हो सके लेकिन हाई मास्क 6 पहले अचानक खराब हो गया इस संबंध में बाजार वासियों ने कई बार सांसद को शिकायती पत्र और जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों को इसे दुरुस्त कराने के लिए मांग की है लेकिन हाई मास्क आज तक बन नहीं सका जिसके कारण आज भी बाजार वासी अंधेरे में रहने के लिए विवश है। एक माह पहले ताबड़तोड़ कई चोरियां हो जाने से और बाजार में अंधेरा रहने से दुकानदारों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है

### क्रय केंद्र की लापरवाही से किसान परेशान

**पट्टी।** क्रय केंद्र पर धान का तौल कर लेने के बाद अब किसान को दूसरे का एक केंद्र पर भेजा जा रहा है हैरान व परेशान किसान अब इस मामले में उप जिलाधिकारी पट्टी को शिकायती पत्र देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। विकासखंड आसपुर देवसरा के रमईपुर नेवादा गांव निवासी रामचंद्र यादव पुत्र रामखेलावन ने अपना 57 कुंटल धान क्रय केंद्र परसनी ले गए थे जहां पर 2 दिन रखवाली करने के बाद उनका धान क्रय केंद्र पर तौल आ गया और रसीद भी दी गई लेकिन वहां मौजूद अधिकारियों ने रामचंद्र से कहा कि वह अपना धान बगल के केंद्र पर परसनी ले जाएं इस संबंध में रामचंद्र ने उप जिलाधिकारी पट्टी को शिकायती पत्र देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### पशु तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**रानीगंज ।** शनिवार को देर रात रानीगंज थाना अंतर्गत दमदम मैं पुलिस द्वारा एक पिक अप पकड़ी गई, जिसमें चार बैल लदे हुए थे। पुलिस को देख कर आरोपी भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने दौड़ाकर भाग रहे पशु तस्करों में से तीन को दबोच लिया।पकड़े गया तस्करों में फूलचंद गौतम , राम सुंदर पटेल, कामता प्रसाद निवासी छाता ,मऊआइमा,प्रयागराज है।मौके से एक पिकअप गाड़ी और चार बैल भी बरामद हुए । जानवरों को छोड़ने के बाद पिक अप और तीनों पशु तस्करों को रानीगंज थाने लाया गया।